तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार 21 अप्रैल 2026

12 आस्था, संस्कृति व उल्लास का संगम...



11 विधायक ने दी निर्माण कार्यों की सौगात...





## खबर संक्षेप

### दिव्यांगों के लिए 22 से 24 तक लगेगा शिविर

**कांकेर।** एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के निगमित सीएसआर मद से दिव्यांगजन को निःशुल्क सहायक उपकरण प्रदाय करने के लिए मूल्यांकन शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा, इसके तहत 22 अप्रैल को जनपद पंचायत कांकेर में आयोजित होने वाले मूल्यांकन शिविर में चारामा, कांकेर और नरहरपुर जनपद पंचायत के दिव्यांगजन, 23 अप्रैल को भानुप्रतापपुर जनपद पंचायत में भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ और दुर्गूकोंदल तथा 24 अप्रैल को कोयलीबेड़ा में आयोजित मूल्यांकन शिविर में कोयलीबेड़ा, अंतागढ़ और दुर्गूकोंदल जनपद पंचायत के दिव्यांगजन शामिल होंगे।

### जनगणना 2027 के तहत स्व-गणना 30 अप्रैल तक

**कांकेर।** प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य को सफलतापूर्वक संपादित करने के लिए कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के नागरिकों से स्व-गणना पोर्टल पर स्वयं जानकारी दर्ज करने का अव्हान किया। उन्होंने कहा कि जनगणना 2027 के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में स्व-गणना 16 से 30 अप्रैल तक किया जाएगा, जबकि मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना 1 से 30 मई तक किया जाएगा। प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी दर्ज करेंगे तथा हर मकानों की जानकारी दर्ज की जाएगी। इसके अलावा घर की स्थिति, सुविधाएं और मूलभूत जानकारी भी संकलित की जाएगी। जनगणना अधिनियम 1948 के तहत आपकी जानकारी पूरी तरह सुरक्षित एवं गोपनीय रखी जाएगी।

### तस्कारों पर कार्रवाई की मांग, कलेक्टर को ज्ञापन



**कांकेर।** गौ तस्करों के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। दो गौ सेवक मुसुरपुट्टा से कांकेर मुख्यालय के लिए 50 किमी. की दूरी तय कर दंडवत यात्रा करते हुए पहुँचे और मुसुरपुट्टा के मवेशी बाजार को बंद करवाने के लिए ज्ञापन सौपा। गौ सेवको ने कहा कि मुसुरपुट्टा बाजार से करीबन 99 प्रतिशन गौ तस्करी करके पश्चिम बंगाल कटने जाता है। मुसुरपुट्टा बाजार में गौ तस्कर कब्जा कर स्थानीय व्यक्ति को स्लीपर सेल बनाकर गौवंश की तस्करी कर रहें है, इसलिए मुसुरपुट्टा बाजार को तत्काल बंद करें, क्योकि बाजार में गौ तस्करों का कब्जा है।

### विशेष पिछड़ी जनजाति कमारों का सर्वेक्षण जारी



**कांकेर।** नरहरपुर विकासखण्ड के 13 ग्रामों में विशेष पिछड़ी जनजाति कमार जाति के लोग निवास करते हैं, जिनका सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है,जो 30 अप्रैल तक चलेगा। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त जया मनु ने बताया कि कमार परिवारों का सर्वेक्षण मोबाईल ऐप के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तरीय सर्वेक्षण दल जिसमें छात्रावास अधीक्षक द्वारा संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, पटवारी, बीटगार्ड, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा मितानीन के सहयोग से किया जा रहा है। उक्त सर्वेक्षण कार्य से ग्राम की आधारभूत जानकारी एवं पीवीटीजी परिवार की विस्तृत जानकारी ऐप के माध्यम से इंद्राज की जा रही है।

# अक्ति तिहार पर कृषि विज्ञान केंद्र सिंगरभाट में परंपरा और आधुनिकता का दिखा संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ की मिट्टी में रची-बसी परंपराएं एक बार फिर जीवंत हो उठीं, जब जिले के सिंगरभाट स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में अक्ति तिहार के पावन अवसर पर आस्था, संस्कृति और कृषि जीवन का अनूठा संगम देखने को मिला। शुभ मुहूर्त में पूजा-अर्चना और प्रतीकात्मक बीज बोवाई के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसने किसानों के जीवन में नई उम्मीदों का संचार किया।

कृषि विज्ञान केंद्र में 20 अप्रैल को अक्ति तिहार के अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि अक्ति तिहार केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह हमारी कृषि संस्कृति और प्रकृति के साथ गहरे संबंध को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह दिन किसानों के जीवन में नई शुरुआत और बेहतर भविष्य की उम्मीद लेकर आता है। प्रतीकात्मक बीज बोवाई के माध्यम से आने वाले कृषि सीजन के लिए सकारात्मक ऊर्जा और विश्वास का संचार होता है। उन्होंने आगे बताया कि प्रदेश सरकार किसानों को सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने, उत्पादन लागत कम करने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। किसानों को उन्नत बीज, नवीन तकनीक और बेहतर बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।

## अक्ति तिहार हमारी कृषि संस्कृति : नेताम

### खेती के तरीकों में बदलाव लाना जरूरी

कार्यक्रम में कृषि विशेषज्ञों ने भी किसानों को उन्नत खेती, फसल विविधीकरण और जल संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम और परिस्थितियों के अनुसार खेती के तरीकों में बदलाव लाना जरूरी है, ताकि बेहतर उत्पादन हासिल किया जा सके।



### खेती को उन्नत बनाने लिया संकल्प

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने मिलकर संकल्प लिया कि खेती को और अधिक उन्नत बनाया जाएगा, साथ ही पारंपरिक मूल्यों को भी सहेज कर रखा जाएगा। इस आयोजन ने न केवल किसानों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया, बल्कि गांव और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का संदेश भी दिया।

## कार्रवाई : रॉयल्टी के बिना रेत का कर रहे थे परिवहन, विभाग ने बरती सख्ती

# खनिज विभाग की दबिश से हड़कंप 24 घंटे में 11 वाहनों को किया जब्त


हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिले के चारामा और दुर्गूकोंदल तहसील क्षेत्र में लंबे समय से चल रहे अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रेत माफियाओं पर शिकंजा कस दिया है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद विभाग ने सख्ती दिखाते हुए महज 24 घंटे के भीतर 11 वाहनों को अवैध रेत परिवहन करते हुए पकड़ा, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। इस कार्रवाई के बाद रेत माफियाओं में हड़कंप की स्थिति है। कई स्थानों पर अवैध उत्खनन कार्य फिलहाल बंद हो गया है।

■ जब्त वाहनों का संबंधित थाना की सुपुर्दगी में रखा गया

जानकारी के अनुसार खनिज विभाग को पिछले कुछ समय से चारामा और दुर्गूकोंदल क्षेत्र में रात के अंधेरे में रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन किए जाने की शिकायतें मिल रही थीं। इसके अलावा पुल के नीचे से रेत उत्खनन को लेकर लगातार नोटिस बोर्ड लगाया गया था, उसके बाद भी ट्रैक्टर चालक पुल के पास से अवैध रेत का उत्खनन करने से बाज नहीं आ रहे थे। खनिज विभाग की टीम 19 अप्रैल को सबसे पहले चारामा क्षेत्र में दबिश दिया और एक हाईवा क्रमांक सीजी 24 वी 3235 के चालक सुकलाल निषाद के अलावा 7 ट्रैक्टर में ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 07 एएन 4156 चालक लाकेश्वर बर्मन, सोल्ड ट्रैक्टर बिना नंबर का चालक दिनेश सिन्हा, सीजी 19 बीएच 3235 चालक यशवंत साहू, सीजी 05 एआर 6748 के चालक महेंद्र सिन्हा, सीजी 05 एआर 2679 चालक किशोर साहू, ट्रैक्टर सोल्ड खिलेंद्र मंडावी सहित ट्रैक्टर को जप्त किया। कई ट्रैक्टर के मालिक बिना रायल्टी से रेत निकालकर एक जगह डंप करते है और उसके बाद उसे हाईवा वालों को बेच देते है, यह गोरखधंधा दिनदहाड़े चलता है, जिस पर 19 अप्रैल को नकेल कसा गया।





### कार्रवाई होगी लगातार

जिला खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू ने कहा कि जिले में अवैध खनन और परिवहन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यह कार्रवाई की गई है और आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जो भी व्यक्ति या समूह इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### सटेली खदान में तीन हाईवा पकड़ा

खनिज विभाग को अवैध रेत परिवहन करने की जानकारी मिलने पर सहायक खनिज अधिकारी मृदुल गुहा 20 अप्रैल की सुबह 4 से 5 बजे के मध्य तीन हाईवा वाहन को बिना रायल्टी के पकड़ा। पकड़ाई हाईवा में हाईवा क्रमांक सीजी 08 एडब्लयू 0051 है और इसका चालक भानु साहू है, जिसने बताया कि वाहन का मालिक लोकनाथ साहू और चौगी अंबागढ़के निवासी है। दूसरी हाईवा क्रमांक सीजी 08 बीई 8400 है और इसके चालक जितेंद्र साहू ने बताया कि वाहन मालिक देवेंद्र साहू के कहने पर रेत भरने आया था7 तीसरा हाईवा क्रमांक सीजी 08 बीसी 8691 है, जिसके चालक मुकेश चंद्रवंशी पिता तुलसी चंद्रवंशी के अनुसार यह वाहन बागनदी राजनांदगांव के सुरेश सिन्हा की है और उनके कहने पर रेत भरने सटेली आए थे। खनिज विभाग ने तीनों वाहनों को अपने कब्जे में लेते हुए नियमानुसार कार्यवाही करते हुए वाहनों का संबंधित थाना में सुपुर्दगी में रखा गया।

# सौर टावर पर चोरों का धावा 72 बैटरियों की चोरी, कंपनी को डेढ़ लाख का झटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



अंतागढ़ क्षेत्र के ग्राम वर्चे में स्थित सौर ऊर्जा संचालित मोबाइल टावर को अज्ञात चोरों ने अपना निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इस घटना में चोरों ने टावर से एक-दो नहीं बल्कि कुल 72 बैटरियां पार कर दीं, जिससे कंपनी को लगभग 1 लाख 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। घटना ने ग्रामीण इलाके में सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार मामले का खुलासा तब हुआ जब टेलीकॉम तकनीशियन प्रमोद कुमार खेदड़ 15 अप्रैल को दोपहर करीब 12 बजे रूटीन जांच के लिए मौके पर पहुंचे। तकनीशियन जो मूल रूप से राजस्थान के झुंझुनूं जिले के निवासी हैं और पिछले छह महीनों से अंतागढ़ में रहकर टावर की देखरेख कर रहे हैं। उन्होने बताया कि ग्राम वर्चे का यह टावर पूरी तरह सौर ऊर्जा से संचालित होता है। इसकी सुरक्षा के लिए चार अलग-अलग पैनलों में बैटरियां लगाई गई थीं, जिनमें प्रत्येक पैनल में 24-24 बैटरियां मौजूद थीं। तकनीशियन के अनुसार उन्होंने 28 मार्च को आखिरी बार टावर का निरीक्षण किया था। उस समय सभी पैनलों में बैटरियां सुरक्षित थीं और दरवाजों पर ताला लगा हुआ था। लेकिन 15 अप्रैल को जब वे दोबारा पहुंचे तो देखा कि तीन पैनलों के दरवाजों के कुंडे काट दिए गए थे और उनमें रखी 72 बैटरियां गायब थीं, यह देखकर वे स्तब्ध रह गए। इस चोरी से टावर की कार्यप्रणाली भी प्रभावित हो सकती है, जिससे नेटवर्क सेवाओं पर असर पड़ने की आशंका है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं इलाके में बढ़ती जा रही हैं और अब नेटवर्क की भी दिक्कत होने लगी है।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब आसपास के क्षेत्रों में जांच-पड़ताल और संदिग्धों की तलाश में जुटी हुई है।

# खनिज कोर एरिया के गांवों को मॉडल रूप में करेंगे विकसित

**कांकेर।** जिले के खनिज प्रभावित क्षेत्रों के कोर एरिया में स्थित गांवों को मॉडल गांव के रूप में विकसित करने की योजना बनाई जा रही है। चिन्हांकित गांवों में सभी मूलभूत सुविधाएं सड़क, बिजली, पानी उपलब्ध कराने के साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों सहित अन्य संस्थाओं में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने इसके लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को



आयोजित समय-सीमा की बैठक में उनके द्वारा विभिन्न प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करते हुए इस आशय के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागीय कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए निर्देशित किया। सभी विभागों को आगामी पांच साल की कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिए गए। बस्तर मुन्ने अभियान की सफलता के लिए विभागीय योजनाओं में पात्रता एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी उपलब्ध कराने कहा गया। कलेक्टर द्वारा सभी ⏭ शेष पेज 10 पर

# जनगणना के लिए सुपरवाइजर और प्रगणकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

भारत की जनगणना 2027 के लिए सुपरवाइजर और प्रगणकों को दो चरणों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। तहसील कांकेर चार्ज अधिकारी ग्रामीण के लिए दो चरणों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। पहले प्रशिक्षण 13, 14 और 15 अप्रैल को संपन्न हुआ। दूसरे चरण का प्रशिक्षण 18, 19 और 20 अप्रैल को पूर्ण हुआ।

भारत में जनगणना 1872 से की जा रही है आगामी दशकीय जनगणना देश की 16वीं जनगणना और स्वतंत्रता के बाद यह 8वीं जनगणना होगी। यह जनगणना विशिष्ट और उल्लेखनीय है क्योंकि यह भारत की पहली ऐसी जनगणना होगी, जिसमें जनगणना आंकड़ों का संग्रहण डिजिटल उपकरणों के माध्यमों से किया जाएगा जिसकी मॉनिटरिंग सीएमएमएस पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। प्रगणकों के द्वारा विशिष्ट मोबाइल एप्लीकेशन का प्रयोग करते हुए परिवारों से आंकड़ों का संग्रहण कर किया जाएगा। विकासखंड कांकेर के 100 ग्रामों को 160 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक में बांटा गया है, जिसके लिए 160 प्रगणक और 27 सुपरवाइजर की नियुक्ति की गई है। सभी प्रगणक और सुपरवाइजर को प्रशिक्षक मंडल के द्वारा आगामी प्रथम चरण 01 मई से 30 मई तक होने वाले जनगणना कार्य के लिए एचएलबी ऐप के माध्यम से मकान भवनों का सूचीकरण कार्य संबंधी 34 प्रश्नों के माध्यम से कार्य पूर्ण करने की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के बाद सभी सुपरवाइजर और प्रगणक अपने-अपने आवंटित एचएलबी जिसकी पूर्व में ग्राम पंचायत के सचिवों के द्वारा भवनों का नंबरिंग किया गया है में जाकर जानकारी एकत्रित कर अपने एचएलबी एप संग्रहित करेंगे। सभी सुपरवाइजर और प्रगणक को प्रशिक्षण के बाद जनगणना पूर्व अभ्यास के लिए अलग-अलग शहर एवं ग्राम के वार्डों में जनगणना करने पूर्व अभ्यास कराया गया। नगरपालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक पूर्वाअभ्यास जनगणना कार्य में अपनी सहभागिता देते हुए 34 प्रश्नों का जवाब देकर जानकारी एचएलबी एप के माध्यम से दी। उन्होंने कहा कि यह डिजिटल माध्यम से दी जा रही जानकारी बहुत ही सुविधाजनक है और इस कार्य में सभी को सहयोग करना चाहिए। सुपरवाइजर और प्रगणक के इस महत्वपूर्ण कार्य की प्रशंसा करते हुए उन्होंने आमजनों से अपील किया की जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में सबकी सहभागिता हो।

■ जनगणना आंकड़ों का संग्रहण डिजिटल उपकरणों के माध्यम से

## अंचल में सैकड़ों शादियां, व्यवस्था में छूट रहे पसीने

# शादी व अन्य शुभ कार्यों में सिलेंडर की बाधा, जुगाड़ से खाना पकाना मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

खरमास की समाप्ति के साथ ही अब शादी-ब्याह सहित शुभ कार्यों की शुरुआत हो गई है। गृहप्रवेश से लेकर अन्य शुभ कार्यों को लेकर तैयारियों में जिलावासी जुटे हैं। मई-जून तक चलने वाली शादियों में लोगों ने पहले से ही अपने पसंद के हलवाई से केटरिंग की बुकिंग कर ली थी, लेकिन पिछले एक महीने से गैस संकट की वजह से इन शुभ कार्यों की रस्में भी अब फिक्की दिखने लगी हैं।

हिंदू धर्म में खरमास की अवधि को अशुभ माना जाता है, यही कारण है कि इस दौरान किसी भी प्रकार का शुभ कार्य करने से लोग बचते हैं। हालांकि सूर्य के राशि परिवर्तन के साथ ही देशभर में एक बार फिर मांगलिक कार्यों का सिलसिला शुरू हो जाता है। अक्षय तृतीया के बाद शादियों का दौर शुरू हो जाता है और एक दिन में शहर में पाँच से छः शादी होती है। जुलाई तक चलने वाले शादी के सीजन के दौरान अप्रैल-मई में कई शुभ तिथियों में शादी-ब्याह, मुंडन, गृहप्रवेश और अन्य शुभ कार्यों के लिए उपयुक्त मानी जा रही हैं, लेकिन इस बार व्यवस्थाओं के बीच गैस की समस्या एक बड़ी बाधा बनकर उभर रही है। हालात यह है कि शादी में आने वाले मेहमानों के लिए खाना बनाने में सिलेंडर तक का जुगाड़ नहीं हो पा रहा है। ऐसे में जहां हलवाई अपने हाथ खड़े कर दिए हैं वहीं लोगों को भी कई प्रकार की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। हालात यह है कि कई जगहों पर लकड़ी का उपयोग खाना पकाने के ⏭ शेष पेज 10 पर



### गिनती के सिलेंडर ही हो रहे जुगाड़, व्यवस्था पर असर

जहां एक तरफ लोग शादियों की तैयारी में जुटे हैं वहीं दूसरी ओर कमर्शियल गैस सिलेंडर के नहीं मिलने से भी आयोजनों में दिक्कतें बढ़ रही हैं। बाजार में बुकिंग होने के बावजूद भी 20 प्रतिशत सिलेंडर ही मिल पा रहे हैं। इससे हलवाईयों और केटरिंग वालों को परेशानी हो रही है। कई स्थानों पर लकड़ी या अन्य विकल्पों से खाना बनाने की व्यवस्था की जा रही है।

# वाहन बुकिंग पर विवाद, युवक से मारपीट, जान से मारने दी धमकी

**कांकर।** पखांजूर के नए बस स्टैंड में वाहन बुकिंग को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद अचानक हिंसक झड़प में बदल गया। दिनदहाड़े हुई इस घटना में एक युवक के साथ न केवल मारपीट की गई, बल्कि उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। घायल युवक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार पीव्ही 18 मायापुर निवासी 28 वर्षीय देवजीत राय, जो पेशे से ड्राइवर हैं और अपनी चार पहिया पिकअप वाहन को बुकिंग में चलाते हैं। उन्होने बताया कि 17 अप्रैल की सुबह करीब साढ़े 10 बजे नया बस स्टैंड पखांजूर में मौजूद थे। इसी दौरान विष्णु मिस्त्री वहां पहुंचा और वाहन बुकिंग को लेकर विवाद करने लगा। देखते ही देखते बात गाली-गलौज तक पहुंच गई। देवजीत राय ने जब गाली देने से मना किया, तो आरोपी विष्णु मिस्त्री और अधिक उग्र हो गया। उसने तुम गाली देने से मना करने वाले कौन होते हो, कहते हुए युवक को जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्कों से बेरहमी से मारपीट की। इतना ही नहीं, आरोपी ने उसे पिकअप वाहन में जोर से धक्का भी दे दिया। इस हमले में देवजीत राय के सिर, बाएं कंधे और दाहिने कान में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद पीड़ित सीधे थाना पखांजूर पहुंचा ⏭ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### कौशल प्रशिक्षण के लिए आवेदन लिए जाएंगे 30 तक

**कोण्डागांव।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी कोंडागांव द्वारा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रशिक्षण के तहत शटरिंग कारपेंटर, टू–व्हीलर एवं फोर–व्हीलर मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन, सोलर पैनल टेक्नीशियन, इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन एवं ट्रैक्टर मैकेनिक जैसे कोर्स शामिल हैं। इन कोर्सों के लिए 14 वर्ष से 45 वर्ष तक के इच्छुक युवक–युवतियाँ आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 30 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी, खुटडोबरा रोड, डोगरी पारा पर्यावरण वाटिका के पास स्थित कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### पंचायती राज दिवस पर 24 को होगी विशेष ग्रामसभाएं

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को विशेष ग्राम सभाओं के आयोजन के निर्देश दिए हैं। ग्रामसभाओं के लिए पूर्व समय–सारिणी तैयार कर मुनादी एवं प्रचार–प्रसार के माध्यम से अधिक से अधिक ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। ग्रामसभा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संदेश का प्रसारण, ग्राम संपदा ऐप में परिसंपत्तियों की जानकारी एवं कर वसूली संबंधी जानकारी दी जाएगी। ग्राम स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कलाकारों, खिलाड़ियों एवं अन्य प्रतिभाओं के साथ स्व–सहायता समूह की लखपति दीदियों को सम्मानित किया जाएगा। ग्राम सभाओं में बस्तर मुन्ने अभियान सहित विभिन्न विकास योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। ग्राम को स्वच्छ बनाए रखने, सामुदायिक संसाधनों के संरक्षण एवं आदर्श ग्राम पंचायत बनाने का संकल्प लिया जाएगा। जल संरक्षण के लिए मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी।

### तलाश अभियान के जरिए सकुशल परिजनों को सौंपा गया बालक

**कोण्डागांव।** जिले की विश्रामपुरी थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। ऑपरेशन मुस्कान एवं तलाश अभियान के तहत पुलिस ने गुम हुए 14 वर्षीय बालक को महज 24 घंटे के भीतर खोज निकालते हुए सकुशल उसके परिजनों को सौंप दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम रावनगुड़ा निवासी 14 वर्षीय बालक 15 अप्रैल को सुबह करीब 9 बजे बिना बताए घर से कहीं चला गया था। इस संबंध में परिजनों द्वारा थाना विश्रामपुरी में सूचना दी गई। पुलिस ने गुम इंसान क्रमांक 11.2026 दिनांक 16 अप्रैल 2026 को दर्ज किया। बालक के नाबालिग होने के कारण प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए अपराध क्रमांक 28/2026 धारा 137(2) बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीमाली के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय पुलिस अधिकारी अरुण कुमार नेताम के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक शंकर लाल ध्रुव के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर बालक की तलाश शुरू की गई।

# ग्रामीणों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा कराएं उपलब्धः विधायक उसेंडी

**माकड़ी में जीवन दीप समिति की बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी की अध्यक्षता में शनिवार को सा मु दा यि क स्वास्थ्य केंद्र माकड़ी में जीवन दीप समिति की सामान्य सभा बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष चर्चा की गई। बैठक के दौरान विधायक ने अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

उन्होंने जनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने, सोलर सिस्टम में सुधार करने तथा अन्य आवश्यक मरम्मत कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने पर जोर दिया। विधायक ने स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त संख्या में स्वास्थ्य कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा उनके मानदेय में वृद्धि के संबंध में भी निर्देश दिए, ताकि सेवाएं और अधिक प्रभावी बन सकें।



**आय–व्यय की समीक्षा, नए प्रस्तावों को मंजूरी**

बैठक में पिछले वर्ष के आय–व्यय का विस्तृत लेखा–जोखा प्रस्तुत किया गया, साथ ही चालू वर्ष के लिए विभिन्न प्रस्तावों का अनुमोदन भी किया गया। बैठक में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जुगबती पोयाम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रदमा बघेल एवं श्रीमती भगवती नेताम सहित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. चतुर्वेदी, समिति के सदस्य एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## तीन लाख के 22 मोबाइल को ट्रेक करके खोजा

# लाखों के गुम मोबाइल पुलिस ने मालिकों को लौटाए, खिले चेहरे के साथ कहा- 'धन्यवाद'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पुलिस ने एक बार फिर जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए गुम हुए लाखों रुपये के मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को लौटाए। पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल के निर्देशन में साइबर सेल की टीम ने विशेष अभियान चलाकर यह सफलता हासिल की।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा एवं उप पुलिस अधीक्षक साइबर नरेंद्र पुजारी के मार्गदर्शन में साइबर सेल प्रभारी सौरभ उपाध्याय के नेतृत्व में टीम ने लगातार प्रयास करते हुए हाल ही में 22 गुम मोबाइल बरामद किए, जिनकी कुल कीमत लगभग 3 लाख रुपये बताई गई है। बरामद मोबाइलों में आईफोन, वनप्लस, सैमसंग, वीवो और रेडमी जैसे महंगे ब्रांड शामिल हैं, जिन्हें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों सहित ओडिशा से भी ट्रेस किया गया।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में इन मोबाइलों को उनके वास्तविक मालिकों को सौंपा गया। अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कई लोगों ने बताया कि उन्होंने मोबाइल मिलने की उम्मीद ही छोड़ दी थी और पुलिस के इस कार्य की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया। कोंडागांव साइबर सेल की सक्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब तक 1800 से अधिक गुम मोबाइल खोजकर उनके मालिकों तक पहुंचाए जा चुके हैं। बरामद मोबाइलों का कुल बाजार मूल्य लगभग एक करोड़ रुपये आंका गया है।



**उपयोग के पहले कर लें फार्मेटः पुलिस**

मोबाइल लौटाते समय पुलिस ने नागरिकों को मोबाइल सुरक्षित रखने की सलाह दी और उपयोग से पहले उसे फॉर्मेट करने को कहा। साथ ही एसपी श्रीश्रीमाल ने अपील की कि किसी को भी यदि अन्य का मोबाइल मिले तो उसे नजदीकी थाने में जमा करें तथा बिना बिल के मोबाइल खरीदने से बचें।

**साइबर अपराध से बचाव के लिए किया जागरूक**

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को देखते हुए जागरूकता संदेश भी दिया। उन्होंने बताया कि किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल हेल्पलाइन नंबर या साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं और नजदीकी थाने को सूचित करें।

### डा. आंबेडकर का जीवन वंचितों के उत्थान के लिए था समर्पित



**कोण्डागांव।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा रविवार को जिला मुख्यालय स्थित ऑक्शन हॉल में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सामाजिकजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता निवास राव मद्दी ने डॉ. अंबेडकर के संघर्षपूर्ण जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने सामाजिक समानता, न्याय और अधिकारों की स्थापना के लिए आजीवन कार्य किया। भारतीय संविधान के माध्यम से उन्होंने देश के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया। भाजपा जिलाध्यक्ष सेवकराम नेताम ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन समाज के वंचित और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उन्होंने संविधान के माध्यम से देश को लोकतांत्रिक और न्यायपूर्ण व्यवस्था प्रदान की। भाजपा उनके विचारों को जन–जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। संगोष्ठी में नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी एवं एम.डी. बघेल ने भी बाबा साहब के सामाजिक, राजनीतिक और शैक्षणिक योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए।

**श्रद्धांजलि अर्पित कर लिया संकल्प** – कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। ]

# श्री सीता राम मानस संगठन के प्रदेशाध्यक्ष बने लोकेश

**केशकाल।** श्री सीता राम मानस संगठन की लगभग एक घंटे लगातार चली बैठक में सर्व सम्मति से कन्या शिक्षा परिसर पीपरा के व्याख्याता लोकेश गायकवाड़ को प्रदेशाध्यक्ष सर्व सम्मति से चुन लिया गया गया है। इनके अलावा महाकाल के मंदिर में अन्य पदाधिकारी संरक्षक भागवताचार्य नारायण वैष्णव जजगीरी, भगवताचार्य विजया नंद शास्त्री वृंदावन, रमेश साहू पलना प्रदेश महामंत्री-जितेंद्र सिंहा ,फरसगांव, प्रदेश सलाहकार-योगेश्वर साहू फरसगांव, उपाध्यक्ष- चंदन नाइक फरसगांव, महासचिव सुरेन्द्र जैन फरसगांव होंगे। महिला प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती चंद्रिका साहू धमतरी व सचिव श्रीमती आरती गुप्ता भनपुरी, फरसागुड़ी आदि सर्व सम्मति से बने हैं। इसके अलावा बस्तर जिलाध्यक्ष शकुंतला कश्यप जिला सदस्य जिला पंचायत बस्तर, फरसगांव विकासखंड अध्यक्ष गंगाराम सेन,बस्तर विकासखंड अध्यक्ष कन्हैया लाल मंडावी को भी सर्व सम्मति से बनाया गया है। इस मौके पर स्थानीय मानस मंडलियों के संचालक व दंतेश्वरी मानस समिति जिला कोंडागांव,सेवा शरम आश्रम चपका के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**गांवस्तर पर मानस भवन की स्थापना का प्रयास होगाः गायकवाड़ :** नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष लोकेश गायकवाड़ ने उपस्थित सभी सदस्यों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए बताया कि सनातन धर्म के प्रचार प्रसार में और बस्तर ही नहीं पूरे छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण को रोकने के लिए इस नये संगठन का प्रदेश स्तर पर गठन किया गया है। इसके माध्यम से गांव स्तर पर मानस भवन, तुलसी दास जी की मूर्ति की स्थापना, व तुलसी जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा कराया जाना का मुख्य लक्ष्य होगा।



### गुम युवती को केशकाल से सकुशल लाकर परिजनों को सौंपा

**कोण्डागांव।** जिले में गुमशुदा लोगों की तलाश के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान एवं ऑपरेशन तलाश के तहत अनंतपुर थाना पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस ने गुम युवती को खोजकर सुरक्षित उसके परिजनों को सौंप दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी ने थाना अनंतपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी साली की बेटी 11 अप्रैल 2026 की सुबह करीब 4 बजे बिना बताए घर से कहीं चली गई थी। मामले में गुम इंसान क्रमांक 05/2026 दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी रूपेश कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी गोपेन्द्र पटेल के नेतृत्व में टीम लगातार युवती की तलाश में जुटी रही। अंततः 20 अप्रैल 2026 को युवती को ग्राम कोहकामेटा, थाना केशकाल क्षेत्र से बरामद कर गवाहों के समक्ष दस्तयाब किया गया और सुरक्षित परिजनों को सौंप दिया गया।

**पुलिस टीम की रही सराहनीय भूमिका :** इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक गोपेन्द्र पटेल, प्रधान आरक्षक छबीलाल कोर्राम, भूपेन्द्र मरकाम एवं महिला आरक्षक सुगन्तीन पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बीजापुर के कुटरू इलाके में जंगली जानवरों के हमले से दो ग्रामीण घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



नक्सलमुक्त होने के बाद बस्तर के जंगलों में अब जंगली जानवरों व नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए आईईडी का खतरा बढ़ने लगा है। रविवार को जंगल में महुआ बीनने गए दो ग्रामीण जंगली जानवरों के हमले से गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमला करने वाले जंगली जानवर तेंदुआ था या भालू यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

जानकारी के मुताबिक बीजापुर जिले के भैरमगढ़ ब्लाक के कुटरू क्षेत्र के जंगलों में इन दिनों जंगली जानवरों की गतिविधियां काफी बढ़ गईं हैं। रविवार को एक ही दिन में दो अलग-अलग गांवों के ग्रामीणों पर हुए जंगली जानवरों के हमलों ने पूरे इलाके को दहशत में डाल दिया है। बताया जा रहा है कि ग्रामीण महुआ बीनने जंगल गए थे। इन हमलों ने जहां वन्यजीवों की बढ़ती गतिविधियों को सामने लाया है वहीं आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की लचर व्यवस्था की पोल भी खोल दी है। जंगली जानवरों के हमले का पहला मामला ग्राम पंचायत पेटा के इदवाड़ा का है। इदवाड़ा निवासी लक्ष्मण वेको सुबह रोज की तरह महुआ बीनने जंगल गया था। इसी दौरान जंगल में एक पेड़ के नीचे बैठे जंगली जानवर ने अचानक लक्ष्मण पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल लक्ष्मण की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्हें बचाया। इस घटना के कुछ ही देर बात दूसरा हमला जांगला थाना क्षेत्र के ग्राम डोडूम निवासी शंकर पोयम पर हुआ। वह भी जंगल में महुआ बीनने गया था। उस पर तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया गया। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। लगातार दो घटनाओं ने क्षेत्र में भय के माहौल को और गहरा कर दिया है।

घटना के बाद ग्रामीणों ने तत्काल 108 एंबुलेंस सेवा को फोन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि समय पर एंबुलेंस उपलब्ध नहीं कराई गई। ग्रामीणों का कहना है कि अस्पताल में एंबुलेंस मौजूद होने के बावजूद मदद नहीं मिली। जिससे घायलों की हालत और बिगड़ गई। ग्रामीणों ने निजी साधनों से दोनों गंभीर घायलों को कुटरू अस्पताल पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। समय पर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया नहीं होने पर ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि भैरमगढ़ सामान्य वन परिक्षेत्र से लगे इस क्षेत्र में वन्यजीवों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है। लेकिन वन विभाग द्वारा सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं। वन्य जीवों के हमले ग्रामीणों में दहशत फैल गईं है। ग्रामीणों ने मांग की है कि वन्यजीवों को जल्द सुरक्षित स्थान पर भेजा जाए। ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो।

**इलाज जारी**

वन्य प्राणियों के हमले से दो ग्रामीण घायल हुए हैं उनका इलाज जारी है। प्रारंभिक जांच में तेंदुए के हमले की पुष्टि नहीं हो पाई है। आशंका भालू के हमले की भी जताई जा रही है। टीम को मौके पर भेजा गया है रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।
संदीप बलगा
उप निदेशक, इंद्रावती नेशनल पार्क।

## गुण्डाधुर कॉलेज का जल परीक्षण लैब से हुआ एमओयू

# अब छात्र करेंगे असली लैब में काम, फ्री में सैंपल टेस्ट और मिलेगा रिसर्च का प्लेटफॉर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने शिक्षा को व्यवहारिक और रोजगारोन्मुख बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिला जल परीक्षण प्रयोगशाला, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते से अब महाविद्यालय के विद्यार्थियों को सीधे सरकारी लैब में कार्य करने, सीखने और शोध करने का अवसर मिलेगा। इस अनुबंध पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम एवं जिला जल परीक्षण प्रयोगशाला के कार्यपालन अभियंता वीरेंद्र पांडेय ने हस्ताक्षर किए। गवाह के रूप में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. देवाशीष हालदार तथा जिला समन्वयक मिथिलेश कुमार साहू ने भी हस्ताक्षर कर इस साझेदारी को औपचारिक रूप दिया।

इस एमओयू के तहत विद्यार्थियों को अब सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं रहना पड़ेगा, बल्कि वे सीधे प्रयोगशाला में काम करेंगे। छात्र खुद सैंपल लेकर उसका परीक्षण करेंगे। आधुनिक उपकरणों पर काम करने का मौका, लैब के एडवांस इंस्ट्रूमेंट्स का सीधा अनुभव, फ्री सैंपल टेस्टिंग सुविधा, प्रोजेक्ट और रिसर्च के लिए बिना शुल्क परीक्षण यूजी, पीजी और पीएचडी छात्रों के लिए रिसर्च सपोर्ट डिसर्टेशन और थीसिस में सीधी मदद इंटर्नशिप और फील्ड एक्सपोजर वास्तविक कार्य–परिस्थितियों में सीखने का अवसर डेटा एनालिसिस और रिपोर्ट राइटिंग स्किल प्रोफेशनल रिपोर्ट तैयार करना सीखेंगे। महाविद्यालय के रसायनशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. नसीर अहमद ने बताया कि महाविद्यालय लगातार विभिन्न संस्थानों से एमओयू कर रहा है, जिससे छात्रों को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा अब विद्यार्थी सिर्फ थ्योरी तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि खुद प्रयोग करेंगे, डेटा समझेंगे और प्रोफेशनल स्किल्स विकसित करेंगे। यह उनके करियर के लिए गेम–चेंजर साबित होगा।



**शिक्षा और तकनीक का मजबूत कनेक्शन**

यह एमओयू शिक्षा और सरकारी तकनीकी संस्थान के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करेगा। इससे न केवल विद्यार्थियों की प्रयोगात्मक दक्षता बढ़ेगी, बल्कि वे भविष्य में रोजगार और शोध के क्षेत्र में भी अधिक सक्षम बन सकेंगे। महाविद्यालय प्रशासन ने इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, कौशल उन्नयन और क्षेत्र में वैज्ञानिक जागरुकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया है।

## पेज 09 के शेष

### खनिज कोर एरिया...

विभागों को ई-ऑफिस में कार्य करने तथा कार्यालय में अधिकारी-कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन सहित अन्य लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की गई तथा प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे एवं एएस पैकरा, सभी एसडीएम, विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन और नगरीय निकायों के अधिकारी उपस्थित रहें।

### शादी व अन्य शुभ...

लिए किया जा रहा है, जिसकी वजह से दूल्हा-दुल्हन के रिश्तेदारों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है।

एजेंसी से निराश लौट रहे लोग : अपने परिवार में शादी, गृह प्रवेश सहित अन्य आयोजनों के लिए गैस की जरूरत को लेकर एजेंसी पहुंच रहे लोगों को निराशा हाथ लग रही है। गैस एजेंसियों में कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई प्रभावित हो रही है, जिससे लोगों को समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। शादी सीजन को देखते हुए कुछ राहत की उम्मीद की जा रही है।

लंबी लाइन है मजबूर : घर में उपयोग में लाने के लिए सिलेंडर पाने के लिए लोगों को लाईन में लगना पड़ा रहा है और पर्ची कटने के बाद सिलेंडर पाने में चिलचिलाती धूप में लोगों को एक से दो घंटा इंतजार करना पड़ा रहा है। गैस लेने वालों का यहीं कहना था कि इस संकट से निजात कब मिलेगी, यह समझ में नहीं आ रहा है।

बाजार में बढ़ने लगी भीड़ : खरमास खत्म होने के साथ ही बाजार, कपड़ा मार्केट और आभूषण सेक्टर में रौनक बढ़ गई है। दुकानदारों का कहना है कि ग्राहकों की भीड़ तो है, लेकिन लॉजिस्टिक और ईंधन की कमी के कारण शादियों का काम पिछले साल के मुकाबले 15-20 प्रतिशत कम हो गया है। हालांकि इसके बाद भी पिछले एक से दो सप्ताह से बाजार में तेजी देखने को मिल रही है।

### वाहन बुकिंग पर...

और पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित की शिकायत पर पखांजुर थाना की पुलिस ने आरोपी विष्णु मिस्त्री के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2), 296 और 351 (2) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस मामले की विवेचना कर रही है और आरोपी की तलाश जारी है।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीणों को आय अर्जन के उपायों की दी गई जानकारी

**लोहंडीगुड़ा।** जनपद पंचायत लोहंडीगुड़ा के ग्राम पंचायत तोयर में मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत नवा तरिया आय के जरिया नवीन सामुदायिक तालाब निर्माण की स्वीकृति के पश्चात ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच, महिलाओं और ग्रामीणों को नवा तरिया के माध्यम से आय अर्जन के विभिन्न उपायों की जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत के सरपंच, वार्ड पंच, समूह की दीदियों एवं ग्राम वासियों द्वारा भूमिपूजन और तकनीकी सहायक मनरेगा एवं परियोजना की टीम के सहयोग से तरिया का ले आउट किया गया। वहां सभी उपस्थित लोगों को समूह आधारित गतिविधियों के माध्यम से मछली पालन, बत्तख पालन, तरिया के मेड पर सब्जी उत्पादन तथा फलदार वृक्षारोपण कर आय में वृद्धि करने तथा सभी विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ लेने के बारे में चर्चा किया गया। जिन मजदूरो के पास जॉब कार्ड नहीं है उन्हें नया जॉब कार्ड बनवाने की प्रक्रिया, जॉब कार्ड में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया, वर्तमान मजजूरी दर, गोदी का माप, मजदूरों की हाजिरी की प्रकिया को समझाया गया।

### योग आयोग अध्यक्ष का दो दिवसीय दौरा

**बीजापुर।** योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा का बीजापुर जिले में दो दिवसीय दौरा संपन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने जिले में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। दौरे के दौरान अध्यक्ष सिन्हा ने आम नागरिकों एवं विद्यार्थियों के साथ योग अभ्यास किया और नियमित योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताया। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। अपने कार्यक्रम के तहत उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका आश्रम का भी दौरा किया। जहां छात्राओं से मुलाकात कर उन्हें नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया।

# माता कर्मा की प्रेरणा, समाज सुधार का संकल्प और प्रतिभाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज : बचेली/दंतेवाड़ा।

**साहू समाज का स्नेह मिलन समारोह**






तहसील साहू समाज बचेली द्वारा वार्षिक स्नेह मिलन समारोह का आयोजन उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सौरभ कुमार मिश्रा पर्सनल विभाग उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में के. बनसोड़, थाना प्रभारी प्रहलाद साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कृष्ण राव तथा विशेष सदस्य के रूप में छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त सचिव बीना साहू एवं जिला अध्यक्ष नेहरू साहू शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई, जिसमें बच्चों ने नृत्य, भाषण एवं माता कर्मा की जीवनी पर प्रेरणादायक प्रस्तुति दी। बच्चों के विचार और संदेशों ने उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया और सभी ने भावुक होकर उनकी सराहना की। इस अवसर पर समाज के प्रमुख पदाधिकारियों जिला अध्यक्ष नेहरू साहू, तहसील अध्यक्ष देवेंद्र साहू एवं सचिव प्रेमलाल कलिहारी ने माता कर्मा के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए समाज को एकजुट रहने का संदेश दिया। विशेष अतिथि बीना साहू ने समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जोर दिया, जिसमें धर्मांतरण से समाज की सुरक्षा, सामाजिक आदर्श विवाह को बढ़ावा, प्री-वेडिंग शूट पर नियंत्रण, गरीब बच्चों के लिए मां कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन योजना के तहत शिक्षा एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना तथा पारंपरिक तेल घानी से बने तेल के उपयोग और व्यापार को बढ़ावा देना शामिल रहा।

कार्यक्रम में प्रतिभावान बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों एवं समाज के विशिष्ट सदस्यों का सम्मान भी किया गया यह आयोजन न केवल सामाजिक एकता का प्रतीक बना, बल्कि आने वाली पीढ़ी को संस्कार और समाज सेवा की दिशा में प्रेरित करने वाला भी साबित हुआ

## सियासत : करपावंड पंचायत में विकास की नई इबारत

# विधायक ने दी निर्माण कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड/ घाटलोहंगा

■ सामुदायिक, भतरा समाज, देवांगन समाज भवन एवं विश्वकर्मा गुड़ी का लोकार्पण

बस्तर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत करपावंड में विकास की नई पहचान स्थापित हुई, जब बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने ग्रामवासियों को बहुप्रतीक्षित सौगातें प्रदान करते हुए विभिन्न भवनों का लोकार्पण किया। करपावंड पहुंचकर आदिवासी भतरा समाज भवन, सामुदायिक भवन, देवांगन समाज के लिए निर्मित सामुदायिक भवन एवं विश्वकर्मा गुड़ी का उद्घाटन किया। इस गरिमामयी अवसर पर ग्राम पंचायत करपावंड में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। विधायक के आगमन पर ग्रामीणों ने बस्तर की समृद्ध परंपरा और संस्कृति का परिचय देते हुए ढोल-नगाड़ों, पुष्पमालाओं एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ स्वागत किया।



कार्यक्रम के अंतर्गत आदिवासी भतरा समाज भवन का निर्माण 8 लाख रुपये की लागत से, सामुदायिक भवन का निर्माण 6 लाख 50 हजार रुपये की लागत से, देवांगन समाज के लिए सामुदायिक भवन का निर्माण तथा विश्वकर्मा गुड़ी का निर्माण 5 लाख रुपये की लागत से किया गया है। वहीं करपावंड में देवांगन समाज के लोगों के लिए भी सामुदायिक भवन का दिया गया था जिसकी लागत राशि 5.50 लाख रूपये रहा। इन भवनों के निर्माण से ग्रामवासियों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक गतिविधियों के लिए एक सुदृढ़ मंच प्राप्त होगा। आदिवासी भतरा समाज भवन समाज के लोगों के लिए एक संगठित केंद्र के रूप में कार्य करेगा, वहीं देवांगन समाज के लिए निर्मित सामुदायिक भवन उनके सामाजिक एवं पारंपरिक आयोजनों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा सामुदायिक भवन गांव के सभी वर्गों के लिए उपयोगी रहेगा तथा विश्वकर्मा गुड़ी के निर्माण से समाज की आस्था एवं सांस्कृतिक विरासत को नई मजबूती मिलेगी। ग्रामीणों एवं समाज प्रमुखों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सौगात केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि गांव के सामाजिक समरसता और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विधायक ने कहा कि क्षेत्र की जनता का स्नेह और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है। बस्तर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक विकास कार्य पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है और जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।

इस दौरान सरपंच लखमू राम, ब्लॉक अध्यक्ष सोनाधर बघेल, विधायक प्रतिनिधि गोपाल कश्यप, भतरा समाज संभाग अध्यक्ष रतन कश्यप, मनीराम कश्यप, सामोराम, जयमन देवांगन कामता प्रसाद, सोमनाथ, ललिता देवांगन, फगनू, दयो देवांगन, प्रमिला दुग्गा, सुरेंद्र कश्यप, फूलो नाग, जेमावती कश्यप, अंजू कश्यप, मुरलीधर नेताम, राजेश कुमार, जितेंद्र तिवारी, तुलसीराम एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# आनापान ध्यान शिविर हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

दंतेवाड़ा जिले के गीदम ब्लॉक स्थित जावांगा के आस्था विद्या मंदिर में विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय आनापान ध्यान शिविर आयोजित किया गया। गौरतलब है कि यह विद्यालय एनएमडीसी के सीएसआर के अंतर्गत संचालित है तथा अटल एजुकेशन सिटी में स्थापित है।

इस शिविर में कुल 50 विद्यार्थियों (14 बालक एवं 36 बालिकाएँ) ने भाग लिया। बच्चों को आनापान ध्यान की सरल एवं व्यावहारिक विधि सिखाई गई, जिसके माध्यम से वे अपने श्वास पर ध्यान केंद्रित कर मन को शांत एवं एकाग्र बना सकते हैं। आनापान ध्यान बच्चों के मानसिक विकास, एकाग्रता और आत्म-नियंत्रण को बढ़ाने में अत्यंत सहायक है। इससे उनकी पढ़ाई में रुचि बढ़ती है, स्मरण शक्ति मजबूत होती है तथा तनाव और चिंता में कमी आती है। शिविर का संचालन पीके नंदी सर एवं सीमा जांबुलकर मैडम द्वारा किया गया।

उनके मार्गदर्शन में बच्चों ने ध्यान का अभ्यास बड़ी उत्सुकता और अनुशासन के साथ किया। आगामी समय में इस प्रकार के ध्यान शिविर अन्य विद्यालयों में भी आयोजित करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे कि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य खराब होने से हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत वार्ड क्रमांक 9 चारामा निवासी प्रमोद कोटगले पिता नाथूराम का इलाज के दौरान 19 अप्रैल को मौत हो गया। रायपुर के अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक का स्वास्थ्य खराब होने के कारण इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। स्वास्थ्य ज्यादा खराब हो जाने के कारण मौत हो गया। थाना चारामा में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### पीएमश्री सेजेस दुर्गूकोंदल में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत पीएमश्री सेजेस दुर्गूकोंदल (खुटगांव) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन जमा करने का अव्हान किया। प्रवेश पंजीकरण 10 अप्रैल से प्रारंभ हो चुका है, जबकि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 5 मई तय की गई है। पीएमश्री सेजेस दुर्गूकोंदल के प्राचार्य अजय नेताम ने बताया कि विद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ आधुनिक संसाधनों से जोड़ने के उद्देश्य से निरंतर प्रयासरत है।

### वार्ड 17 में 5.90 लाख की लागत से नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न

**बचेली।** वार्ड नंबर 17 में विकास कार्यों को गति देते हुए पार्षद ए अनिल के घर के पीछे से रेलवे वेलकम गेट तक लगभग 100 मीटर लंबी नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष ने किया। इस निर्माण कार्य की अनुमानित लागत 5.90 लाख रुपये निर्धारित है। इस अवसर पर भूमि पूजन कार्यक्रम में उपाध्यक्ष बबलू सिद्दकी, पार्षद ए अनिल, लीना सोनी, गायत्री साहू, अनील कुमार, राजस्व निरक्षक मनराखन ठाकुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल राजी सहित क्षेत्र के नागरिक एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर कार्य का शुभारंभ किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं जैसे नाली, सड़क एवं स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इस नाली निर्माण से क्षेत्र में जल निकासी की समस्या का समाधान होगा और स्वच्छता में भी सुधार आएगा।

## निधन

### प्रेमीनबाई साहू

**दुर्गूकोंदल।** विकासखण्ड नरहरपुर के ग्राम पंचायत बनसागर निवासी



78 वर्षीय प्रेमीनबाई साहू का 19 अप्रैल कि रात को आकस्मिक निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। उनका अंतिम संस्कार 20 अप्रैल को गृह ग्राम में किया गया। वे सेवानिवृत्त प्रधान पाठक नारायण सिंह साहू की धर्मपत्नी एवं दीपक साहू की माताजी थीं। उनके निधन से परिवार, समाज एवं क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं।

# आस्था, संस्कृति व उल्लास का संगम हुआ कोंडे गांव मेले में, उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल





दुर्गूकोदल क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोंडे में इस वर्ष आयोजित पारंपरिक मेले ने आस्था, संस्कृति और उत्साह का ऐसा अद्भुत नजारा पेश किया, जहां जनसैलाब उमड़ पड़ा। दूर-दराज़ के गांवों से हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं, ग्रामीणों और व्यापारियों की मौजूदगी ने मेले को जीवंत बना दिया। खास बात यह रही कि भारी भीड़ के बावजूद पूरा आयोजन पुलिस की कड़ी निगरानी में शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

कोंडे में 20 अप्रैल को आयोजित मेले में धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं का भी अनूठा संगम देखने को मिला। ग्राम के पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार देवी-देवताओं के साथ 'ढाई चक्कर परिक्रमा' की रस्म निभाई गई, जिसे देखने के लिए लोगों में खासा उत्साह नजर आया। इस दौरान वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। इस बहुप्रतीक्षित मेले में सुबह से ही लोगों की आवाजाही शुरू हो गई थी, जो देर शाम तक जारी रही। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की बड़ी भागीदारी ने मेले के हर कोने में रौनक भर दी। पारंपरिक वेशभूषा में सजे ग्रामीणों के साथ-साथ स्थानीय बाजार, झूले और खानपान स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय नजर आया। पूरे दिन चले इस आयोजन में बच्चों और युवाओं ने झूलों और मेलों का भरपूर आनंद उठाया, वहीं व्यापारियों ने भी अच्छी बिक्री होने पर संतोष जताया। कोंडे का यह मेला एक बार फिर परंपरा, विश्वास और सामाजिक एकता का प्रतीक बनकर उभरा। आयोजित मेले में ग्राम पंचायत के सरपंच प्रेम पुडो, दीपक पुडो, ग्राम गायता, पटेल, वार्ड पंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**सुरक्षा व्यवस्था का रहा पुख्ता इंतजाम :** थाना प्रभारी प्रहलाद यादव के निर्देशन में एसआई विरेन्द्र सिंह बूदेल और बस्तर फाइटर टीम ने मोर्चा संभालते हुए सुरक्षा का जिम्मा बखूबी निभाया। भीड़ को नियंत्रित करने और किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए मेला परिसर के हर महत्वपूर्ण स्थान मुख्य द्वार, पार्किंग, झूला क्षेत्र, बाजार लाइन और मंच स्थल पर पुलिस बल तैनात किया गया था। इतना ही नहीं, सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने के लिए सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों को भी भीड़ के बीच तैनात किया गया, जो लगातार संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे।

### बारिश के बीच भी नहीं टूटा उत्साह

कोंडे मेले में रविवार शाम मौसम ने अचानक करवट ले ली। दिनभर सामान्य और उमस भरे मौसम के बाद शाम होते-होते आसमान में घने बादल छा गए तथा तेज हवा के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। अचानक हुई बारिश से जहां मेले में कुछ देर के लिए हलचल मच गई, वहीं भीषण गर्मी से लोगों को बड़ी राहत भी मिली। दिनभर मेले में भारी संख्या में ग्रामीण, श्रद्धालु, व्यापारी, महिला-पुरुष एवं बच्चे मौजूद रहे। शाम के समय अचानक मौसम बदलने से दुकानदारों ने अपनी दुकानों को सुरक्षित करने की कोशिश की, जबकि कई ग्रामीण बारिश से बचने के लिए आसपास लगे टेंट, दुकानों और छायादार स्थानों की ओर दौड़ते नजर आए। कुछ देर तक मेला परिसर में अफरा-तफरी जैसा माहौल रहा, लेकिन जल्द ही स्थिति सामान्य हो गई। बारिश के बावजूद बच्चों और युवाओं का उत्साह कम नहीं हुआ। कई बच्चे बूंदाबांदी और बारिश के बीच झूलों का आनंद लेते दिखे, जबकि युवाओं ने भी मौसम का आनंद लेते हुए मेले की रौनक बनाए रखी। बारिश ने मेले के माहौल को और भी रोमांचक बना दिया।

### कांकेर, चारामा, नरहरपुर, भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल, अंतागढ़ और कोयलीबेड़ा विकास की रफ्तार

# जिला खनिज न्यास निधि की 811 करोड़ होंगे विकास कार्य व राजस्व वसूली 103 प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



विकास और खनिज राजस्व के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए जिला ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जिला खनिज संस्थान न्यास निधि (डीएमएफ) के प्रभावी उपयोग और राजस्व वसूली में बेहतर प्रदर्शन के चलते जिले के सभी सातों विकासखण्डों कांकेर, चारामा, नरहरपुर, भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल, अंतागढ़ और कोयलीबेड़ा में विकास कार्यों ने अभूतपूर्व गति पकड़ी है।

कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया कि जिले में जिला खनिज संस्थान न्यास निधि के अंतर्गत 31 जनवरी 2026 की स्थिति में 811 करोड़ 26 लाख रुपएं की लागत से 5 हजार 89 कार्यों को स्वीकृति दी गई है, इनमें से अब तक 622 करोड़ 69 लाख रुपएं विकास कार्यों में व्यय हो चुके हैं जो पूर्ण राशि का 76.7 प्रतिशत है। स्वीकृत कार्यों में अब तक 3 हजार 793 कार्य पूर्ण हो चुके हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में 161 करोड़ 17 लाख रुपएं और भौतिक आधारभूत संरचना निर्माण में 249 करोड़ 14 लाख रुपएं स्वीकृत किए गए। खनन प्रभावित विकासखण्ड अंतागढ़, कोयलीबेड़ा और दुर्गूकोंदल में स्वास्थ्य और पेयजल से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी गई। खनिज संसाधनों से प्राप्त हर राशि को खनन प्रभावित परिवारों के कल्याण पर खर्च किया जा रहा है। जिला खनिज संस्थान न्यास निधि के माध्यम से स्कूल, अस्पताल, सड़क और नल-जल योजना के 3793 कार्य पूरे किए जा चुके हैं। राजस्व में वृद्धि से डीएमएफ और मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा।

#### अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई

जिले में अवैध खनन, परिवहन और अवैध भंडारण के खिलाफ सख्त कार्रवाई जा रही है। वर्ष 2025-26 में कुल 135 प्रकरण दर्ज कर 55 लाख 29 हजार 508 रुपएं का अर्थदंड वसूला गया। इनमें अवैध परिवहन के 117 मामलों में 38 लाख रुपएं, अवैध भंडारण के 13 मामलों में 9 लाख 81 हजार रुपएं और अवैध खनन के 5 मामलों से 7 लाख 45 हजार रुपएं की वसूली की गई।

#### राजस्व वसूली लक्ष्य से अधिक

वित्तीय वर्ष 2025-26 में खनिज राजस्व का लक्ष्य 453 करोड़ 88 लाख रुपएं का लक्ष्य निर्धारित था, जिसके विरूद्ध 471 करोड़ 30 लाख रुपएं की वसूली की गई जो लक्ष्य का 103.80 प्रतिशत है। इससे पहले वर्ष 2024-25 में भी 250 करोड़ 20 लाख रुपएं के लक्ष्य के विरुद्ध 330 करोड़ 54 लाख रुपएं वसूले गए थे, जो लक्ष्य का 132.11 प्रतिशत था। जिले में डीएमएफ अंशदान भी पिछले 10 वर्षों में 01 करोड़ 44 लाख रुपएं से बढ़कर 150 करोड़ रुपएं तक पहुंच गया है।

# स्वगणना प्रपत्र व ऑनलाइन एंट्री प्रक्रिया की दी विस्तृत जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

जनगणना 2027 के द्वितीय चरण अंतर्गत तृतीय एवं चतुर्थ बैच के प्रशिक्षण का द्वितीय दिवस संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को स्वगणना प्रपत्र भरने, ऑनलाइन एंट्री प्रक्रिया तथा एचएलओ ऐप के विभिन्न प्रपत्रों की विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में फील्ड ट्रेनरों द्वारा पीपीटी माध्यम से प्रत्येक बिंदु को विस्तारपूर्वक समझाया गया। बताया गया कि एचएलओ ऐप में कुल 34 प्रपत्र बिंदु शामिल हैं, जिन्हें ऑनलाइन माध्यम से सही तरीके से भरना आवश्यक है। प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को मोबाइल ऐप के उपयोग, डेटा एंट्री, सत्यापन प्रक्रिया तथा तकनीकी सावधानियों की जानकारी भी दी। प्रशिक्षण में चार्ज अधिकारी कुलदीप ठाकुर, तहसीलदार एवं कर अधिकारी ग्रामीण उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, जिसे पूरी ईमानदारी, निष्ठा और सरलता के साथ संपन्न करना है। अधिकारियों ने बताया कि प्रथम चरण का कार्य 1 मई से 30 मई तक किया जाएगा। वहीं वर्तमान में स्वगणना कार्य 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक जारी है। इस दौरान प्रत्येक परिवार स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन माध्यम से भर सकता है। इसके बाद जब प्रगणक घर पहुंचेगा, तब परिवार द्वारा उपलब्ध कराई गई रेफरेंस आईडी के आधार पर जानकारी का सत्यापन किया जाएगा। बताया गया कि यदि परिवार स्वयं स्वगणना कर लेता है, तो प्रगणक को केवल जानकारी का मिलान और सत्यापन करना होगा, जिससे कार्य में तेजी और सटीकता आएगी। प्रथम चरण में मकान की स्थिति, छत एवं दीवार की सामग्री, पेयजल व्यवस्था, रसोईघर, शौचालय, वाहन, अनाज भंडारण, परिवार प्रमुख का नाम, सदस्य संख्या तथा अन्य मूलभूत जानकारियां ली जा रही हैं। इसके बाद वर्ष मार्च 2027 में दूसरे चरण में परिवार के प्रत्येक सदस्य की सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक जानकारी संकलित की जाएगी। प्रशिक्षण में फील्ड ट्रेनर दिग्विजय सिंह सलामे, मनीष गौतम, बाबूलाल कोमरे, राजेंद्र सहारे, श्याम सिंह उसेंडी, भूपेंद्र टाडिया, नृत्य अनुराम दुगा, लक्ष्मण दुग्गा, लखन, अखिलेश एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई अक्ति व आमा जोगानी त्योहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल



विकासखंड दुर्गूकोंदल के लोहत्तर सोनादई, सुरुंगदोह, घमरे, दमकसा सहित विभिन्न गांवों एवं क्षेत्रों में अक्ति और आमा जोगानी त्योहार पूरे हर्षोल्लास एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया।

इस पावन अवसर पर ग्रामीणों ने अपनी संस्कृति और परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन किया, जिसमें सर्व प्रथम पुर्वजों को धूप लाली दे कर दीपक जला कर आह्वान किया गया उसके बाद चावल, दाल, आमा,महुवा फुल, चार फल,को मिश्रित कर पूर्वजों को अर्पण किया गया उसके बाद बरगद, महुवा, सेहरा, चार, पीपल, आम, गोबर छेना, दुबी के साथ साथ धरती को पानी दे कर चावल, दाल,आमा, महुआ फुल, चार फल अर्पण कर बचें हुए चावल दाल आमा महुआ फुल, चार फल को सभी सगा लोग एक दूसरे को माथ में टीका लगा कर आशीर्वाद जोहार भेंट किया गया। त

योहार के दौरा विशेष पूजा-अर्चना कर परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना की, वहीं युवाओं एवं बच्चों में भी उत्साह देखने को मिला। गांवों में पारंपरिक गीत-नृत्य, पूजा-पाठ एवं सामूहिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिससे पूरा क्षेत्र उत्सवमय वातावरण में रंगा रहा।

# महिला आरक्षण पर राजनीतिक घमासान भाजपा की नीति स्वार्थ से प्रेरित : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

महिला आरक्षण संशोधन विधेयक को लेकर राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर के तत्वाधान में राजीव भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी महिला आरक्षण के मुद्दे का इस्तेमाल केवल राजनीतिक लाभ के लिए कर रही है।

- कांग्रेस ने भाजपा पर स्वार्थ की राजनीति का लगाया आरोप

राजीव भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि 15 सितंबर 2023 को केंद्र की मोदी सरकार द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम को विपक्ष के पूर्ण समर्थन के बावजूद आज तक लागू नहीं किया गया। उन्होने आरोप लगाया कि सरकार ने इस महत्वपूर्ण बिल का नोटिफिकेशन जारी नहीं किया, जिससे यह अधर में लटका हुआ है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के तहत लोकसभा और राज्यसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान था, लेकिन सरकार की मंशा इसे लागू करने की नहीं दिखी। वर्तमान में असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में चुनावी माहौल के बीच भाजपा को हार का अंदेशा है, इसलिए वह महिला आरक्षण संशोधन विधेयक को एक राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि संशोधित बिल में परिसीमन के बाद आरक्षण लागू करने की बात जोड़कर लोकतंत्र पर प्रहार किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल महिला आरक्षण के विरोध में नहीं हैं, बल्कि 2023 में पारित मूल विधेयक के पक्ष में हैं। उनका कहना था कि अगर भाजपा की नीयत साफ होती, तो वह बिल को उसी समय लागू कर देती। उन्होने यह भी कहा कि देश में महंगाई, आर्थिक स्थिति और विदेश नीति जैसे मुद्दों पर सरकार विफल रही है और जनता का ध्यान भटकाने के लिए ऐसे विवाद खड़े किए जा रहे हैं।

प्रेस वार्ता के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बसंत यादव, प्रदेश सचिव जनक नंदन कश्यप, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ठाकुर, जिला महामंत्री उदय प्रकाश शर्मा, महिला अध्यक्ष गोमती सलाम, मुकेश तिवारी, दीपक शोरी, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष राजू दूबे सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ पांच आरोपियों को भेजा गया जेल



**कांकेर।** जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार सख्त कदम उठा रही है। इसी कड़ी में थाना कोयलीबेड़ा पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट, धमकी और तोड़फोड़ करने वाले 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है।

जानकारी के अनुसार ग्राम बड़गांव (बदरंगी) निवासी प्रार्थिया राजेश्वरी कोमरा ने थाना कोयलीबेड़ा में शिकायत दर्ज कराई थी कि 13 अप्रैल की शाम करीब 4 बजे गांव के कुछ लोग एकजुट होकर उसके घर पहुंचे। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और घर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुस गए। इसके बाद प्रार्थिया के पति नोहरू राम कोमरा के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की गई तथा घर में रखे सामान और खपरैल को नुकसान पहुंचाया गया। घटना से भयभीत परिवार ने किसी तरह अपनी जान बचाई और बाद में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक निर्मल जांगड़े के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लाठी-डंडे भी जब्त किए हैं। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू किया और गिरफ्तार आरोपियों में ललित आंचला, प्रभु राम आंचला, देवनाथ कोमरा, सुनील हिड़को और दासू सलाम शामिल हैं।

# नन्हें हाथों ने बनाए मिट्टी के बर्तन और सुधारें बिजली के खराब उपकरण को

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले के स्कूली छात्रों की प्रतिभा और उनके तकनीकी कौशल को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या क्रमांक-2 के परिसर में व्यावसायिक मेले का आयोजन किया गया।

समग्र शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम ने शिक्षा को केवल किताबों तक सीमित न रखकर उसे कौशल और रोजगार से जोड़ने की्‌ रपहल की गई। कलेक्टर आकाश छिकारा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रतीक जैन के मार्गदर्शन में इस मेले में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 30 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा प्रदर्शित स्टॉल्स पर छात्र मिट्टी के बर्तन बनाने की कला में रमे नजर आए। वहीं नन्हे हाथों से बिजली के खराब उपकरणों को सुधारने का तकनीकी कौशल भी देखने को मिला। इसके साथ ही बागवानी, सिलाई, कंप्यूटर वर्क और पाक कला जैसे क्षेत्रों में बच्चों की दक्षता ने आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हस्तशिल्प के क्षेत्र में बस्तर की पारंपरिक कला और आधुनिक सोच का संगम विशेषता रही।







